# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर, पिन-844102)
ईमेल: deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in

**प्रेषक,**

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

**सेवा में,**

**पत्रांकः** 1274
**दिनांकः** 20/06/2026

सभी प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / प्रधान
शिक्षक,
जिला- वैशाली।

**विषयः** **जिला कार्यालय की वेबसाइट पर विद्यालय की विवरणी एवं प्रोफाइल अद्यतन करने के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 25.06.2026 तक जिला की वेबसाइट (www.deovaishali.in) पर विद्यालय लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड की सहायता से विद्यालय का सत्र 2026-27 का कक्षा वार नामांकन, विद्यालय का अद्यतन फोटोग्राफ (सभी वर्ग कक्ष, शौचालय, विद्यालय का गेट, खेल मैदान इत्यादि की तस्वीर), विद्यालय प्रोफाइल में प्रधानाध्यापक की जानकारी, आधारभूत संरचना, चहारदीवारी, ICT लैब, स्मार्ट क्लास, मध्याह्न भोजन, वाद्य यंत्र एवं खेलकूद सामग्री, पुस्तकालय एवं FLN किट तथा प्रयोगशाला से संबंधित विवरण अनिवार्य रूप से अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही, आपको निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में जब भी उपरोक्त विवरणों में किसी प्रकार का परिवर्तन हो, तो उसका ससमय अद्यतन जिला कार्यालय की वेबसाइट पर विद्यालय लॉगिन की सहायता से करना सुनिश्चित करेंगे।

**विश्वासभाजन,**

20.6.26

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**वैशाली।**

**ज्ञापांकः** 1274 **वैशाली, दिनांकः** 20/06/2026

**प्रतिलिपिः** सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला- वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20.6.26

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**वैशाली।**